जल योजनाओं पर सर्वदलीय बैठक बुलाएगी सरकार

प्रश्नकाल में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया आश्वस्त

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 21 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान सदन को आश्वस्त किया कि पानी से जुड़ी योजनाओं के लिए सरकार शीघ्र ही सर्वदलीय बैठक बुलाएगी, जिसमें पानी के लिए लंबे समय तक की योजना बनाई जाएगी.

यह भरोसा उन्होंने भाजपा सदस्य नीना विक्रम वर्मा के प्रश्न के दौरान दिया. सदस्य ने बदनावर उद्वहन सिंचाई परियोजना में देरी से धार क्षेत्र में जलसंकट का मामला प्रमुखता से उठाया था. इस पर सीएम ने कहा कि पेयजल की जितनी भी योजनाएं हैं, वे मोटे तौर पर पहले केवल नर्मदा घाटी और नर्मदा नदी से ही दूर- दूर तक पहुंचाने के लिए बनी, कई क्षेत्रों में बहुत दूर तक पानी आपूर्ति की जा रही है. आज तो योजना है लेकिन कल उसका क्या होगा. अब इससे आगे बढ़ते हुए पार्वती-कालीसिंध-चंबल योजना है, अब तो रतलाम में भी नर्मदा के पानी की डिमांड होने लगी है. रतलाम के आगे की तहसीलों में भी होने लगी, तो ये अव्यवहारिक बात है. पानी को लिफ्ट करने के बजाय बड़े डेम बनाकर ग्रेविटी से भी देने के लिए विचार कर रहे हैं.

6 वर्ष, 258 अपराध, मात्र 9 में चालान पेश

भोपाल, ईओडब्ल्यू की स्थिति नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है. ईओडब्ल्यू में वर्ष 2020 से जून 2026 तक 23261 शिकायत प्राप्त हुई,जिनमें से 3018 दर्ज हुई तथा 756 नस्तीबद्ध की गई .जवाब में बाकी 19487 शिकायत के बारे में कोई उल्लेख नहीं. यह जानकारी सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी गई. सवाल प्रताप ग्रेवाल ने किया था, जिसका लिखित उत्तर सीएम की ओर से दिया गया. उत्तर में बताया कि 2020 से जून 2026 तक मात्र 3018 शिकायत दर्ज होने के बाद मात्र 258 शिकायतों पर अपराध दर्ज किया. शेष 2760 शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई, इसकी जानकारी नहीं दी गई. 258 दर्ज अपराध में से साढ़े छह वर्ष में मात्र 9 पर ही चालान पेश किये गए. 16 मार्च 2020 में दर्ज शिकायत पर 21 अप्रैल 2026 याने 6 साल बाद अपराध दर्ज किया गया तथा 15 सितंबर 2020 में दर्ज अपराध पर 12 अगस्त 25 को न्यायालय में चालान पेश किया गया .रतलाम नगर निगम की सीवरेज योजना में 100 करोड़ के फर्जीवाड़े की पूर्व विधायक पारस सकलेचा की शिकायत को उसी विभाग को कार्यवाही के लिए भेज दिया गया, जिसके खिलाफ शिकायत की गई थी.

विधानसभा कार्यकाल के 2 वर्ष पुस्तक का विमोचन

भोपाल. मप्र की पहली विधानसभा की प्रथम बैठक की 70 वीं वर्षगांठ के अवसर तथा नारी शक्ति वंदन के अवसर पर दो विशेष सत्रों का आयोजन, मप्र ,राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के युवा विधायकों का सम्मेलन, वेल ऑफ द हाउस के विधानसभा सचिवालयीन अधिकारियों के लिए विशेष गणवेश की व्यवस्था तथा दिवगंत विधानसभा अध्यक्षों एवं मुख्यमंत्रियों की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम की शुरुआत जैसे नवाचार 16वीं विधानसभा के दो वर्षीय कार्यकाल की यादगार उपलब्धियां हैं. सत्र समाप्त तो प्रश्न नहीं होंगे समाप्त, प्रथम निर्वाचित सदस्यों को बोलने के ज्यादा अवसर, मंगलवार को सिर्फ महिला एवं प्रथम बार निर्वाचित सदस्यों के ही प्रश्न लिये जाने जैसे निर्णय इस कार्यकाल की प्रशंसनीय पहल मानी गई है. इन विशिष्टताओं रेखांकित करती एक पुस्तक विधान से जनकल्याण- 16 वीं विधानसभा कार्यकाल के 2 वर्ष का विमोचन हुआ.

पूर्व जज गिरिबाला सिंह की जमानत पर सुनवाई टली

- बहू ट्विशा शर्मा की मौत मामले में हैं आरोपी

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 21 जुलाई. बहुचर्तित ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में आरोपी एवं सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत अर्जी पर मंगलवार को जिला अदालत में सुनवाई नहीं हो सकी. नियमित मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण मामले में कोई आदेश पारित नहीं किया गया.

ट्विशा पक्ष के अधिवक्ता शुभांग दीक्षित ने बताया कि गिरिबाला सिंह ने अपनी जमानत अर्जी में स्वास्थ्य संबंधी कारणों के साथ पारिवारिक परिस्थितियों का भी उल्लेख किया है. आवेदन में कहा गया है कि उनकी लगभग

100 वर्ष की मां की देखभाल के लिए उनका घर पर रहना आवश्यक है.जमानत आवेदन में उनके घर में हुई चोरी की घटना का भी हवाला देते हुए अदालत से राहत प्रदान करने का अनुरोध किया गया है. उल्लेखनीय है कि 12 मई की रात ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी. इसके बाद 14 मई को कटारा हिल्स थाना पुलिस ने गिरिबाला सिंह और उनके पुत्र समर्थ सिंह के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया था.

राहुल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस नेताओं का धरना

देर रात तक विधानसभा परिसर में सीएम कार्यालय के सामने दिया धरना

नवभारत न्यूज

भोपाल, 21 जुलाई. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की दिल्ली में मंगलवार शाम गिरफ्तारी की सूचना के बाद भोपाल स्थित विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में सीएम कार्यालय के समीप देर रात तक धरना दिया. वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी पार्टी नेताओं के साथ लोकभवन के समीप धरना दिया. हालांकि पुलिस ने पटवारी और अन्य नेताओं को हिरासत में लेकर कुछ देर बाद रिहा कर दिया.

उमंग सिंघार ने धरना समाप्ति के दौरान कहा कि उनका धरना राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में था, जो देर शाम से रात तक चला. गांधी की रिहाई के बाद धरना समाप्त कर दिया गया है, लेकिन यह मुद्दा सदन में कल भी उठाया जाएगा. उन्होंने साथ ही कहा कि संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने छात्र आंदोलन के संबंध में कुछ बातें कही हैं, जो उचित नहीं हैं. इसलिए उन्हें माफी भी मांगना चाहिए. हालांकि धरनास्थल पर विपक्ष के नेता से मिलने पहुंचे विजयवर्गीय ने स्पष्ट किया कि उन्होंने छात्रों के संबंध में कोई भी आपत्तिजनक बयान नहीं दिया है. इसके पहले शाम को दिल्ली में राहुल गांधी की गिरफ्तारी के बाद सिंघार ने विधानसभा परिसर में सीएम कार्यालय के सामने धरना प्रारंभ किया, जो देर रात लगभग 11 बजे तक चला. प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी देर रात विधानसभा परिसर में कांग्रेस विधायकों के पास पहुंचे और धरने में शामिल हुए. धरने के दौरान विधानसभा परिसर में सुरक्षा अधिकारियों ने भी कमान संभाल ली और वे पूरी तरह सतर्क एवं सजग रहे. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में पूरे प्रदेश में तत्काल अपने नेताओं से धरना प्रदर्शन शुरू करने का अनुरोध करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया था. माना जा रहा है कि यह मामला विधानसभा की कार्यवाही के दौरान फिर से तूल पकड़ेगा.

इटारसी से भटककर भोपाल आए 5 नाबालिग

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 21 जुलाई. जीआरपी ने इटारसी से भटककर भोपाल पहुंचे पांच नाबालिगों की पहचान की. सभी बच्चों का मेडिकल कराते हुए उनके परिजनों के आने तक उन्हें एक स्वयंसेवी संस्था में रखा गया है. जीआरपी के मुताबिक रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर चैकिंग के दौरान तीन लड़कियां और दो लड़के मिले. जिनकी उम्र करीबन 4 से 10 साल है.बच्चों ने काउंसलिंग के दौरान बताया कि वह अपने घर इटारसी से भटककर रेलवे स्टेशन भोपाल आ गये. बच्चों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें इसकी सूचना दी गई है.

पटौदी परिवार ने जमीन के नामांतरण पर उठाए सवाल

- फर्जी दस्तावेजों से करोड़ों की भूमि हड़पने का आरोप
- शर्मिला टैगोर की ओर से कलेक्टर से की शिकायत

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 21 जुलाई. राजधानी के कोहेफिजा स्थित खसरा क्रमांक-52 की करीब 34,650 वर्गफीट भूमि के नामांतरण को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है. अभिनेत्री शर्मिला टैगोर एवं पटौदी परिवार की ओर से अधिवक्ता जेडयू अल्वी ने कलेक्टर को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि वर्ष

2023-24 में फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भूमि का नामांतरण 24 लोगों के नाम कर दिया गया.

आवेदन में तहसील नजूल द्वारा 29 अप्रैल 2024 को पारित नामांतरण आदेश को निरस्त करने, पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं फोरेंसिक जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है.

शिकायत में दावा किया गया है कि नामांतरण के आधार बने वर्ष 1940 के कथित इनायतनामा, वर्ष 1957 के दस्तावेज और अन्य अभिलेख संदिग्ध हैं. आरोप है कि मृतक व्यक्ति के नाम से हिबानामा तैयार किया गया, पुराने स्टांप का दुरुपयोग किया गया और जिस टाइपिंग मशीन से दस्तावेज तैयार होना दर्शाया गया, वह उस समय अस्तित्व में ही नहीं थी. इसके अलावा वर्ष 1970 का बताकर प्रस्तुत राजस्व नक्शे में कथित छेड़छाड़, मृतक के हस्ताक्षरों के उपयोग तथा राजस्व अभिलेखों में हेरफेर के भी आरोप लगाए गए हैं. आवेदन में हल्का पटवारी सहित संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की जांच कराने की मांग भी की गई है.

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि बिना दस्तावेजों का समुचित सत्यापन किए नामांतरण की कार्रवाई की गई, जिससे राजस्व रिकॉर्ड की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग गया है. उन्होंने कलेक्टर से सभी दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच कराने, विवादित नामांतरण निरस्त करने तथा फर्जी दस्तावेज तैयार करने, कूटरचना और धोखाधड़ी में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है.

चड्डी बनियान गैंग ने स्कूल से उड़ाए 4 लाख रुपए नगद

- स्कूल में बोला धावा, पुलिस कर रही तलाश

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 21 जुलाई. मिसरोद थाना इलाके में संचालित एक निजी स्कूल के कार्यालय में चड्डी बनियान गैंग ने धावा बोल दिया है. कार्यालय के अंदर रखा करीब चार लाख रुपए नकद आरोपी गैंग ने साफ कर दिया.

स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज में आरोपी कैद हो गए. पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. आरोपियों की पहचान कर पुलिस गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है.

फरियादी प्रदीप पांडे (60) ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई. प्रदीप ने पुलिस को बताया कि वह निजी स्कूल में पदस्थ हैं. 18 जुलाई को जब वह स्कूल में अपने दफ्तर में पहुंचे तो वहां का ताला टूटा मिला. उनके कार्यालय में रखे करीब चार लाख रुपए गायब थे. फरियादी ने सोमवार को मामले की शिकायत मिसरोद थाने में दर्ज कराई. पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया. स्कूल के सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों की करतूत भी दिखाई दी.

नकली सामान बेचने वाला गिरफ्तार

- क्राइम ब्रांच ने 10 लाख रुपए का सामान किया जब्त

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 21 जुलाई. नकली और मिलावटी सामान बेचने वाले एक 5वीं कक्षा पास 34 साल के व्यापारी को क्राइम ब्रांच पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 लाख रुपए की कीमत के सामान जब्त किए हैं.

इनमें रोजमर्रा के उपयोग में क्रीम, सर्फ, शैम्पू, साबुन, विक्स, ईनो, खाने के मसाले सहित अन्य सामान है. आरोपी व्यापारी सोहेल उर्फ रिहान (34) निवासी सात दुकान हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद का रहने वाला है. वह 5 वीं कक्षा पास है और मार्केटिंग का काम करता है. सोहेल कबाड़खाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट के माध्यम से नकली माल बेचने के लिए भेजने वाला था. उसके गोदाम में ब्रांडेड कंपनी के नकली उत्पादों को एक स्थान पर रखा जा रहा था. पुलिस की इसकी सूचना मिली. आरोपी सोहेल ने पुलिस को बताया उसके पास बहुत सारा सामान कार्टून और बोरियों में रखा है. यह सामान उसने खुद का ही बताया. आरोपी के कब्जे सर्फ, सैम्पू, ब्राडेंड सब्जी और अन्य खाने के मसाले, हेयर ऑइल और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया. जब्त सामान की कीमत लगभग 10 लाख रुपये है. आरोपी को हिरासत में लिया है. आरोपी सोहेल ने पूछातछ में बताया कि वह अहमदाबाद से कम दामों में नकली माल खरीदता है. सोहेल ने भोपाल में अमिल विलानी निवासी कैलाश नगर बैरागढ, मल्टी बाजपेई नगर शाह.बाद, जैन किराना स्टोर गांधी नगर, कासिफ किराना स्टोर छोला मरघट भोपाल, कमल ट्रेडर्स फूटा मकबरा छोला रोड भोपाल को बेचना बताया है. पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि आरोपी असली कंपनियों की तरह हूबहू पैकिंग और रैपर तैयार कर नकली सामान बाजार में सप्लाई कर रहा था.

1.65 लाख की शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

भोपाल. अयोध्यानगर पुलिस ने 7 पेटी अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी झुग्गी बस्ती में अवैध शराब खपाने के लिए तस्करी कर रहा था. पुलिस के मुताबिक अयोध्यानगर नगर क्षेत्र की मल्टियों एवं झुग्गी बस्तियों में अवैध शराब बेची जा रही थी. वाहन में बड़े बैग के अंदर अवैध शराब लेकर जा रहे आरोपी मोहम्मद समीर खान (19) निवासी रोशनपुरा को पकड़ा गया. उसके पास से मिली अवैध देशी शराब की 7 पेटियां और वाहन को जब्त किया गया. शराब की अनुमानित कीमत लगभग एक लाख 65 हजार रुपए आंकी गई है.

गाड़ी हटाने के विवाद में दो भाइयों पर चाकू से हमला

- तीनों अज्ञात आरोपी फरार, बजरिया इलाके की घटना

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 21 जुलाई. बजरिया थाना इलाके में तीन अज्ञात बदमाशों ने दो भाईयों पर सरेराह चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. लहुलूहान हालत में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया. आरोपी मौके से फरार हो गए. रात के समय गाड़ी हटाने की बात पर विवाद हुआ. मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. आरोपियों की पहचान करने में पुलिस जुट गई है.

जानकारी के मुताबिक 26 वर्षीय राम कुमार रघुवंशी अपने भाई अंकित के साथ सोमवार को देर रात खाना खाने एक होटल पर गया था. बजरिया स्टेशन के पास होटल में जाने से पहले राम कुमार ने अपनी कार वहीं पार्क कर दी. होटल के सामने उसी स्थान पर एक और कार पार्क की गई. राम कुमार होटल से निकले और अपनी कार निकालने की कोशिश की. इस दौरान दूसरी कार के चालक सहित तीन लोग वहां पहुंचे और राम कुमार से विवाद करना शुरू कर दिया. तीनों बदमाशों और दोनों भाईयों के बीच हो रहे विवाद बढ़ गया. इस दौरान बदमाशों ने अपने पास में रखी चाकू निकाली और उससे दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया. दोनों भाई हमले में बुरी तरह से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत ही इलाज के अस्पताल पहुंचाया गया. मामले की सूचना पुलिस को मिली. बजरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची. इससे पहले बदमाश वहां से फरार हो गए थे. घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है.

मानव श्रृंखला से नशे के खिलाफ किया जागरूक

- रानी कमलापति स्टेशन पर हुआ आयोजन, नशा नहीं करने की ली शपथ

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 21 जुलाई. जीआरपी द्वारा रानी कमलापति स्टेशन पर मंगलवार को मानव श्रृंखला बना कर नशे के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया गया. इस अवसर पर यूके से आए प्रोफेसर रॉबिन और उनकी टीम ने भी अभियान में हिस्सा लिया.

नशे के दुष्भावों के प्रति समाज को जागरूक करने और युवाओं को इस बुराई से दूर रखने के

उद्देश्य से पुलिस का 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान जारी है. रेलवे स्टेशन रानी कमलापति पर अभियान के तहत आम जनमानस, विद्यार्थियों और यात्रियों, कुली, वेंडर व महिला कार्यकर्ताओ ने एकजुट होकर मानव श्रृंखला बनाई. इसके जरिए समाज को नशा-मुक्त बनाने का सशक्त संदेश दिया गया. श्रृंखला में हाथों में तख्तियां और बैनर लिए लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था. 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' और 'नशे से दूरी है जरूरी' जैसे गगनभेदी नारों से पूरा रेलवे स्टेशन परिसर गूंज उठा. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को जीवन में कभी नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जायसवाल ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है. यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है. यह मानव श्रृंखला हमारी एकजुटता और नशा-मुक्त समाज के संकल्प का प्रतीक है. कार्यक्रम मे अति. पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल, नीतू डाबर, उप पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल, रामस्नेह चौहान, रक्षित निरीक्षक अभय सोनी के साथ सैकड़ों लोग शामिल हुए.

राजनीति | पार्टी ने नहीं दिया महिलाओं 33 प्रतिशत आरक्षण

भाजपा के 12 एल्डरमैनों में कोई महिला नहीं

विजय शर्मा

भोपाल, 21 जुलाई. भोपाल नगर निगम में चार साल बाद आखिर 12 एल्डरमेन की नियुक्तियां हो गईं. इनमें सभी किसी न किसी मंत्री, सांसद-विधायकों के चहेते हैं. लेकिन इन नियुक्तियों में महिलाओं को कोई स्थान नहीं दिया गया. जबकि इन सभी एल्डरमेनों के नाम भाजपा जिला कार्यालय से भेजे गए हैं.

भाजपा का वरिष्ठ नेतृत्व महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात सभी क्षेत्रों में करता है लेकिन एल्डरमेनों की नियुक्ति में इसका पालन नहीं किया गया. भाजपा सांसद, विधायक, पार्षद और महापौर के चुनावों में प्रत्याशियों की घोषणा करते समय महिला आरक्षण पर जोर देती है और टिकट भी देती है,लेकिन एल्डरमेनों की नियुक्तियों में महिलाओं की उपेक्षा कर दी. भाजपा दूसरे दलों पर भी महिला आरक्षण को लेकर तंज कसती रही है. इस मामले में सांसद आलोक शर्मा से बात की तो उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए था.

वहीं महापौर मालती राय, महिला जिला अध्यक्ष प्रियंका मिश्रा, विधायक रामेश्वर शर्मा, मंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन बात नहीं हो सकी.

ये हैं12 एल्डरमैन

श्याम विजयवर्गीय, महेश तिवारी, सुनील दिवेदी, प्रदीप तोषी, लीलाधर यादव, प्रमोद पोलवटकर, राजेश साहू, रवि गोयल, दीपक सक्सेना, विनोद चौरसिया, डीके सक्सेना, विजय सिंह.

इनका कहना है

एल्डरमेन की नियुक्ति में महिला आरक्षण लागू नहीं है, इसलिए कोई नाम नहीं है. पार्षदों में 50 प्रतिशत महिलाएं हैं.

रविन्द्र यति,
भाजपा जिला अध्यक्ष

छात्रवृत्ति की मैपिंग लिए स्पेशल ड्राइव चलाएं : शर्मा

भोपाल.संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने मंगलवार को जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की समीक्षा ली. उन्होंने निर्देश दिए कि प्री एवं पोस्ट मेट्रिक छात्र-छात्राओं को भारत सरकार एवं मप्र सरकार की अलग - अलग छात्रवृत्तियों की शत-प्रतिशत मैपिंग के लिए स्पेशल ड्राइव के माध्यम से सेच्यूरेशन सुनिश्चित किया जाए. शत - प्रतिशत छात्रों की मैपिंग सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त रूप से दलों का गठन कर अगले 10 दिन स्पेशल ड्राइव के माध्यम से सभी स्कूलों, महाविद्यालयों में कैम्प आयोजित किए जाएं.

मंदिर की जमीन पर कर लिया कब्जा

- कलेक्टर ने कार्रवाई के निर्देश दिए
- जनसुनवाई में आए 128 आवेदन

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 21 जुलाई, कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में जनसुनवाई की गई. इस दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से 128 आवेदक अपनी समस्यों के आवेदन लेकर पहुंचे.

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आवेदकों से समस्याओं पर चर्चा की और शीघ्र निराकरण का

आश्वासन भी दिया. सुनवाई में एडीएम आईएएस सुमित पांडेय, एडीएम महेंद्र कवचे एवं अन्य विभागों के अधिकारियों शामिल रहे.

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के चेंबर के बाहर जनसुनवाई के बाद एक बुजुर्ग दिव्यांग महिला आर्थिक सहायता के लिए भी आवेदन लेकर पहुंची. कलेक्टर ने महिला से बात की और आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया, बैरसिया से श्री रामजानकी मंदिर खाकीवाला धार्मिक विकास समिति बैरसिया के अध्यक्ष जगदीश सारडा ने मंदिर को आवंटित भूमि का कब्जा दिलाने का आवेदन सौंपा है. आवेदन में बताया गया है कि ग्राम पंचायत देवलखेड़ा के अंतर्गत ग्राम अमरपुर में स्थित श्री रामजानकी मंदिर खाकी बावा वाला की आवंटित भूमि पर कथित रूप से भावसिंह, गोपाल सिंह एवं नवल सिंह द्वारा कब्जा कर लिया है.